Std - 8

Ch - 8

1.(क) लेखक उन लोगों को भाग्यशाली मानता है जिसका शरीर हर समय मिट्टी से सना रहता है

(ख) लेखक को लिखे गये शब्द और उसके अर्थ के सम्बंध में उलझन है।

(ग) लेखक की नजर में बेहतर तम्बाकू सेवी है।

(घ) गन्दगी का सम्बन्ध गंदा करने की विचारधारा से जुड़ा होता है।

2.(क) लेखक मिट्टी के स्पर्श से बचना चाहता है क्योंकि उसे उसमें गंदगी दिखती है।

(ख) लेखक ने प्लेटफार्म पर एक ग्रामीण धनी व्यक्ति को हर बात पर प्लेटफॉर्म पर थूकते देखा था।

(ग) पश्चिमी लोगों ने अपने अन्दर स्वच्छता का विकास किया है।

(घ) लेखक के मित्र सिगरेट की धूल रखी हुई ऐश ट्रे में न गिराकर बाहर ही गिराकर फर्श एवं कमरा गन्दा करते रहते थे।

भी और विदेश में भी और चिंतन का दुरभ्यास होने से प्रायः कुछ न कुछ सोचता-विचारता रहता हूँ। मैं जब कहीं कोई सूचना देखता हूँ तो उससे मेरे मन में एक ही प्रतिक्रिया उत्पन्न होती है और वह है हैरानी की! सूचना को लिखने-लिखाने में निश्चय ही काफ़ी पैसे लगते होंगे और उपयोग उससे सिद्ध होते मुझे शायद ही कभी दिखाई दिया हो। संभव है यह मेरी नज़र का धोखा हो। वैसे भी मेरी नज़र बहुत अच्छी नहीं है, मैं चश्मा लगाता हूँ।

'कृपया गंदा मत कीजिए'- यह वाक्य जिसने लिखा, या यूँ कहिए कि लिखवाया उसकी धारणा बिल्कुल भी गलत नहीं थी। जिस जगह पर खड़ा होने में मुझे या कुछ लोगों को परेशानी होती है, वहीं बहुत-सारे लोग आराम से बैठकर आनंद उठाते हैं और रात को बिस्तर लगाकर शांति और चैन की नींद सोते हैं। कोलकाता और मुंबई जैसे नगरों में बहुत से लोगों का निवास स्थान फ़ुटपाथ है जिनकी खुशबू और सफ़ाई से हम भी अनजान नहीं है। उनके लिए 'कृपया गंदा मत कीजिए' का अर्थ वही है जो मेरे लिए। तब मैं यह नहीं तय कर पाता कि इस संकेत को आग्रह मानूँ या व्यंग्य!

*– देवेन्द्रनाथ शर्मा*

## पाठ-बोध

### अब तक क्या सीखा (Learning and Writing Skill)

**1. मौखिक**

(क) लेखक किन लोगों को भाग्यशाली मानता है?

(ख) वह कैसी उलझन में पड़ गया है?

(ग) लेखक की नज़र में तंबाकू और पान सेवी में से बेहतर कौन है?

(घ) गंदगी का संबंध किससे जुड़ा होता है?

**2. लिखित**

(क) लेखक के अनुसार वह किस चीज़ से बचना चाहता है और क्यों?

(ख) लेखक ने प्लेटफ़ार्म पर क्या देखा?

(ग) पश्चिमी लोगों ने अपने अंदर किसका विकास किया है?

(घ) लेखक के मित्र का चरित्र-चित्रण करते हुए उनके विषय में बताओ।

(ङ) 'गंदगी का संबंध गरीबी या अशिक्षा से मानना ठीक नहीं है।' पाठ को ध्यान में रखते हुए कथन की व्याख्या करो।

**3. सही ( ✓ ) व गलत ( ✗ ) का चिह्न लगाओ-**

(क) 'गंदा मत कीजिए' का अर्थ सब व्यक्तियों के समक्ष एक-सा होता है। [✗]

(ख) लेखक मिट्टी के स्पर्श से बचना चाहता है क्योंकि उसे वह गंदगी दिखती है। [✓]

(ग) सफ़ाई और गंदगी का अर्थ इंसान के व्यक्तिगत संस्कारों से जुड़ा होता है। [✓]

(घ) लेखक के मित्र विदेश की सफ़ाई से प्रभावित तो थे ही, साथ-ही खुद भी कभी गंदगी फैलाने का प्रयास नहीं करते थे। [✗]

(ङ) लेखक के अनुसार 'गंदा मत कीजिए' एक व्यंग्य के समान है। [✓]

## भाषा-ज्ञानी बनो (Language Skill)

**1.. यह भी जानो-**

वे शब्द जिनके द्वारा संज्ञा या सर्वनाम का क्रिया के साथ संबंध स्पष्ट होता है, कारक कहलाते हैं।

**कारक के चिह्न और विभिक्त**

| कारक | विभिक्त | चिह्न | प्रयोग |
|---|---|---|---|
| कर्ता | प्रथमा | ने | आलोक ने पतंग उड़ाई। |
| कर्म | द्वितीया | को | उमेश को पुस्तक दो। |
| करण | तृतीया | से (सहयोग के अर्थ में) | सौम्या ने मशीन से कढ़ाई की। |
| संप्रदान | चतुर्थी | के लिए | माँ ने बच्चों के लिए खाना बनाया। |
| अपादान | पंचमी | से (अलग होने के अर्थ में) | माली पौधों से फूल तोड़ता है। |
| संबंध | षष्ठी | का, की, के, रा, री, रे | यह मेरी बहन का घर है। |
| अधिकरण | सप्तमी | में, पर | बतख पानी पर तैरती है। |
| संबोधन | संबोधन | हे!, अरे! | हे प्रभु! मेरी रक्षा करो। |

**निम्नलिखित परसर्ग में कारकों का नाम लिखो-**

| परसर्ग | | कारक |
|---|---|---|
| से | - | करण कारक |
| का | - | संबंध " |
| में | - | अधिकरण " |
| पर | - | अधिकरण " |
| अरे! | - | संबोधन " |
| को | - | कर्म " |
| के लिए | - | संप्रदान " |

**2. दिए गए वाक्यों में उद्देश्य और विधेय अलग-अलग करके लिखो-**

(i) राघवेन्द्र ने सारे कार्य पूरे कर लिए हैं।

(ii) डॉक्टर मरीज़ का इलाज कर रहे हैं।

(iii) बचपन बहुत अच्छा होता है।

(iv) कोमल को नौकरी मिल गई।

(v) मेरी बहन बहुत होशियार है।

(vi) कार्तिक स्कूल जा रहा है।

**3. इन शब्दों के अर्थ शब्दकोश से देखकर लिखो-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सौभाग्य | - | सुन्दर भाग्य | सुरक्षा | - | बचाव |
| अनिवार्य | - | आवश्यक | प्रवेश | - | अन्दर जाना |
| ग्रस्त | - | ग्रसित | आदेश | - | आज्ञा |
| प्रलोभन | - | लालच | चेष्टा | - | कोशिश |

**4. निम्नांकित शब्दों के वाक्यांश लिखो-**

| | शब्द | | वाक्यांश |
|---|---|---|---|
| (i) | मृगनैनी | - | हिरन के समान नेत्रों वाली |
| (ii) | पथिक | - | रास्ते में चलने वाला। |
| (iii) | विधुर | - | जिसकी पत्नी मर गयी हो |
| (iv) | निर्दयी | - | जिसे दया नहीं आती |
| (v) | घृणित | - | घृणा करने लायक |
| (vi) | खंडित | - | टुकड़े-टुकड़े हो गया हो |

**5. दिए गए शब्दों में उचित जगह पर अनुस्वार/अनुनासिक लगाओ-**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (i) | चद्रमा | - | चंद्रमा | (ii) | झुड | - | झुंड |
| (iii) | जाच | - | जाँच | (iv) | अधेरा | - | अंधेरा |
| (v) | सीचना | - | सींचना | (vi) | सावला | - | साँवला |
| (vii) | मगलवार | - | मंगलवार | (viii) | बाटना | - | बाँटना |

• Case • Subject and predicate • Dictionary • One word substitution • Phonology • **M.I.-** Linguistic

## करके देखो (Creative Skill)

- इस पाठ को अनुच्छेद के रूप में लिखो और कक्षा में लिखे गए अनुच्छेद को पढ़कर सुनाओ।
- इस पाठ को पढ़ने के पश्चात् तुम्हारे मन में कैसे विचार उत्पन्न हुए, अपने साथियों के साथ चर्चा करो। साथ ही यह भी बताओ कि इस पाठ द्वारा तुम्हें क्या संदेश देने का प्रयास किया गया है।
- 'गंदा मत कीजिए' जैसे कुछ अन्य जागरुकता उत्पन्न करने वाले लेखों के बारे में सोचो और कक्षा में उनपर वार्ता आयोजित करो।

• Paragraph writing • Group discussion • **M.I.-** Intrapersonal, Logical, Spatial, Interpersonal